# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : पी0ए0 कुलसचिव/3486
दिनांक : 08.03.2021

## प्रैस विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 23.02.2021 में संकल्प संख्या –3 के अन्तर्गत निर्णय लिया गया था कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित संस्थान/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालय परिसर में सैमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर संचालित समस्त पाठयक्रमों के अंतिम सैमेस्टरों की परीक्षाओं को सत्र 2020–21 से वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्रों के आधार पर ही सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय प्रशासनिक स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति के निर्णय को संशोधित करते हुए, अब यह निर्णय लिया गया कि सैमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एवं परास्नातक पाठयक्रमों में अंतिम सैमेस्टरों की परीक्षाओं को वस्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्रों पर आधारित न कराया जाये अर्थात इन पाठयक्रमों की अंतिम सैमेस्टर की परीक्षायें विगत सत्रों में प्रभावी प्रश्न–पत्र पैटर्न पर ही कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

08-03-2021

परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. आशुलिपिक प्रति–कुलपति को माननीया प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. समस्त प्राचार्य/प्राचर्या/सचिव/निदेशक/विभागाध्यक्ष (विश्वविद्यालय परिसर) महाविद्यालयों/संस्थानों, सम्बद्ध चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे छात्रहित में अपने महाविद्यालय/संस्थान के समस्त सम्बन्धित छात्रों को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
04. विश्वविद्यालय प्रैस प्रवक्ता।
05. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे इस विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव